दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 10 नवंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 45

महत्वपूर्ण एवं खास

खड़ी ट्रेलर से टकराई बस, पीड़ित ने स्वस्थ होने के बाद दर्ज कराई शिकायत

रायपुर (आरएनएस)। बस किराए पर लेकर अमरकंटक घूमने जा रहे ग्रामीणों से भरी बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रानीगांव के पास खड़ी ट्रेलर को ठोंक दिया था. घटना में घायल ने उप के बाद स्वस्थ होने के बाद रतनपुर थाने पहुंच शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस के अनुसार ग्राम भरेवा मुंगेली निवासी अशोक कुमार पिता शिव प्रसाद सिंगरौल (36) ने रतनपुर थाने पहुंच कर बस चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. पीडित ने शिकायत में बताया कि 22 अगस्त को अमरकंटक जाने के लिए गांव के लोगो ने बस किराए पर की थी. बस क्रमांक सीजी 10 बीड़ी 5958 में गांव के 45 लोग सवार होकर अमरकंटक के लिए निकले थे. बस रात में 3 बजे के आस-पास रानीगांव के पास एनएच 130 में पहुंची थी. इस दौरान बस चालक ने सडक़ किनारे खड़ी हाइवा के पीछे ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया. स्वस्थ होने पर पीडित ने बस क्रमांक सीजी 10 बीडी 5958 के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है. दुर्घटना में बस पर सवार शत्रुहन लाल सिंगरौल, उमेंद राम सिंगरौल संजीव कुमार सिंगरौल, शिव प्रसाद सिंगरौल को भी गंभीर चोट आई थी. घटना के बाद अशोक कुमार सिंगरौल उप करवा रहे थे. पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर जांच को आगे बढ़ा रही है.

चुनाव के मद्देनजर पुलिस की बड़ी कार्यवाई, 45 लाख के गुड़ाखू से भरे 3 कंटेनर किए जब्त

पेंड्रा (आरएनएस)। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में एफएसटी टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की है जिसमें गुड़ाखू से भरे तीन कंटेनर को जब्त किया है। इन जब्त किए गए गुड़ाखों की कुल कीमत 45 लाख रुपए बताई जा रही है। दरअसल पूरा मामला गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का है जहां एसएसटी टीम के द्वारा छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र कबीर चबूतरा में चेकिंग पॉइंट लगाकर चुनाव के मद्देनजर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान दिल्ली से बेंगलुरु के लिए निकले कंटेनर कबीर चबूतरा के पास पहुंचा। जहां वाहन की चेकिंग करने पर पुलिस ने तीनों वाहनों में गुड़ाखू बरामद किया मामले में दस्तावेज की मांग की गई तो दस्तावेज में ई ई परमिट न होने के कारण एफएसटी टीम ने तीनों कंटेनर को जब्त कर लिया और आगे की कार्रवाई हेतु जीएसटी के अधिकारियों को सौंप दिया है।

मणिपुर में दिल दहला देने वाली घटना, महिला समेत 2 की लाशें बरामद-आंखों पर पट्टी बंधी, सिर पर गोलियों के निशान

इंफाल (आरएनएस)। मणिपुर की राजधानी इंफाल से बड़ी खबर सामने आई। पुलिस ने महिला समेत 2 लोगों के शव बरामद किए जोकि ताइरेनपोकपी इलाके के आसपास मिला। मंगलवार को इंफाल पूर्वी जिले के ताखोक मापल माखा इलाके में एक पुरुष की डेड बॉडी मिली, जिसकी उम्र लगभग 40 साल है। मृतकों की आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी और हाथ पीठ के पीछे बंधे हुए थे और सिर पर गोली के निशान थे। पुलिस ने कहा- महिला उन चार लापता लोगों में से एक है, जिन्हें 7 नवंबर को इंफाल पश्चिम जिले के कांगचुप तलहटी से किडनैप कर लिया गया था। एक अन्य अधिकारी के अनुसार, मंगलवार देररात इंफाल ईस्ट जिले के ताखोक मापल माखा इलाके में एक व्यक्ति का शव मिला, जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष के आसपास है।

पाकिस्तान ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन, बीएसएफ जवान शहीद; सुरक्षाबलों की कार्यवाई में एक आतंकी भी ढेर

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा गुरुवार को की गई अकारण गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार-गुरुवार रात करीब 12:20 बजे पाकिस्तान रेंजर्स ने सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में बीएसएफ की नारायणपुर चौकी पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की।

अधिकारियों ने कहा, बीएसएफ जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक गोलीबारी होती रही। पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ के एक हेड कांस्टेबल लाल फर्न किमा घायल हो गए। उन्हें तुरंत रामगढ़ के एक सामुदायिक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। घायल सैनिक को विशेष उपचार के लिए जम्मू शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल में रेफर किया गया था। गंभीर रूप से घायल जवान ने जीएमसी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पिछले 10 दिनों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा संघर्ष विराम का यह तीसरा उल्लंघन है।

उधर, दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) से जुड़े एक आतंकवादी को मार गिराया गया। हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। तलाश जारी है।

पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को काठोहलान इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद गोलीबारी शुरू हुई। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके को घेरने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

अपनों को बचाने की कोशिश, कतर में 8 पूर्व नौसेना कर्मियों को दी गई मौत की सजा के खिलाफ भारत ने की अपील

नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत ने आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को मौत की सजा के खिलाफ कतर के समक्ष अपील दायर की है, जिन्हें पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था और पिछले महीने सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, कतर में प्रथम दृष्टया अदालत है जिसने 26 अक्टूबर को अल दहरा कंपनी के आठ भारतीय कर्मचारियों से जुड़े मामले में फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि फैसला गोपनीय है और इसे कानूनी टीम के साथ साझा किया गया है। बागची ने कहा, और वे अगले कदम पर फैसला कर रहे हैं और एक अपील पहले ही दायर की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हम कतर के अधिकारियों से भी बातचीत कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 7 नवंबर को हमारे दूतावास को कांसुलर एक्सेस मिला और हमने उनसे वहां मुलाकात की। हम उनके परिवार के सदस्यों के भी संपर्क में हैं और मंत्री एस जयशंकर ने पिछले महीने दिल्ली में उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने यह भी कहा कि यह बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उन्होंने कहा, हम सभी कानूनी और राजनयिक समर्थन देना जारी रखेंगे और मैं सभी से आग्रह करूंगा कि मामले की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए अटकलों में शामिल न हों।

कतर के अधिकारियों द्वारा इजरायल के लिए जासूसी करने का आरोप लगाए जाने के बाद पिछले साल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन लोगों में सम्मानित अधिकारी भी शामिल हैं, जिन्होंने एक बार प्रमुख भारतीय युद्धपोतों की कमान संभाली थी, वे दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए काम कर रहे थे, जो एक निजी कंपनी थी जो कतर के सशस्त्र बलों को प्रशिक्षण और संबंधित सेवाएं प्रदान करती थी। पूर्व नौसेना कर्मियों की जमानत याचिकाएं कई बार खारिज कर दी गईं और कतरी अधिकारियों ने उनकी हिरासत बढ़ा दी। कतर की अदालत ने उन्हें मौत की सजा देने का फैसला सुनाया है।

हनी ट्रैप में फंसे रिटायर्ड सैनिक ने की खुदकुशी, झील से मिला शव; सुसाइड नोट बरामद

कोडागु (आरएनएस)। हनी ट्रैप में फंसे लापता सेवानिवृत्त सैनिक का शव कर्नाटक के कोडागु जिले में एक झील से बरामद हुआ। मृतक की पहचान मडिकेरी शहर के पास उक्कुडा निवासी संदेश के रूप में की गई है। संदेश ने अपने सुसाइड नोट में आरोप लगाया था कि जीविता नाम की महिला और सतीश नाम के एक पुलिस अधिकारी ने उसे परेशान किया था।

बुधवार रात अग्निशमन बल और आपातकालीन सेवाओं और पुलिस कर्मियों ने मदिकेरी शहर के पास पंपिनाकेरे झील से शव बरामद किया। पुलिस के मुताबिक, रिटायर फौजी शादीशुदा था। वह आरोपी महिला के जाल में फंसा था, जिसने उनके निजी पलों को फोटो और वीडियो में रिकॉर्ड कर लिया था। बाद में, उसने एक अन्य आरोपी की मदद ली जो उसका दोस्त है और सेवानिवृत्त सेना के जवान को ब्लैकमेल किया। आरोपियों ने उससे 50 लाख रुपये की मांग की थी, यह रकम संदेश को सेना से मिलनी थी। हालांकि, उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं कर पाने के कारण उसने अपनी पत्नी को सब कुछ बता दिया। इसके बाद उसने पत्र लिखकर आरोपी और उसके दोस्तछ की प्रताड़ना के बारे में बताते हुए झील में कूदकर जान दे दी। सुसाइड नोट मंगलवार को मिला और उसका सामान बुधवार को झील के पास मिला। शव का पता लगाने के लिए दक्षिण कन्नड़ से एक विशेष टीम को बुलाया गया। मृतक सैनिक का शव झील में ही पाया गया। इस संबंध में उनकी पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। आगे की जांच चल रही है।

दिवाली पर भरी रहेगी रिटायर फौजियों की जेब, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिया ओआरओपी की तीसरी किस्त जारी करने का आदेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दीपावली से ठीक पहले 'वन रैंक, वन पेंशन' स्कीम की तीसरी किस्त जारी करने का निर्देश दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यह आदेश जारी किया। राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय स्पर्श प्रणाली के जरिए पेंशन पाने वाले पूर्व रक्षाकर्मियों को वन रैंक, वन पेंशन स्कीम के तहत भुगतान की तीसरी किस्त जारी करने का निर्देश दिया है। रक्षा मंत्री कार्यालय के मुताबिक सभी पूर्व सैन्य कर्मियों को पेंशन के लिए, ओआरओपी तीसरी किस्त दीपावली से पहले जारी करने का निर्देश दिया गया है। बैंकों और अन्य एजेंसियों के जरिए पेंशन हासिल करने वाले रक्षा मंत्रालय के पेंशनभोगियों के लिए ऐसा ही करने का निर्देश दिया गया है।

गौरतलब है कि 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने वन रैंक वन पेंशन योजना (ओआरओपी) का भी जिक्र किया था। प्रधानमंत्री का कहना था कि यह रक्षा पेंशनभोगियों की काफी समय से लंबित मांग थी, जिसे सरकार ने सत्ता में आते ही लागू किया था। उन्होंने कहा, ओआरओपी हमारे देश के सैनिकों के सम्मान का विषय था। जब हम सत्ता में आये तो हमने इसे लागू किया। आज पूर्व-सैनिकों और उनके परिवारों तक 70,000 करोड़ रुपये पहुंचाए गए हैं। सरकार ने रक्षा बलों के कार्मिकों, पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए वन रैंक, वन पेंशन (ओआरओपी) को लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। 1 जुलाई 2014 से पेंशन में पुनरीक्षण के लिए 7 नवंबर, 2015 को नीति पत्र जारी किया। उक्त नीति पत्र में, यह उल्लेख किया गया था कि भविष्य में पेंशन हर पांच वर्ष में फिर से निर्धारित की जाएगी।

गुरुग्राम में यात्री बस में आग लगने से दो की मौत, कई अन्य घायल

गुरुग्राम (आरएनएस)। गुरुग्राम सेक्टर-12 से उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के लिए जा रही एक यात्री बस में आग लगने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना बीती रात करीब नौ बजे दिल्ली और जयपुर को जोडऩे वाले मुख्य मार्ग पर झारसा फ्लाईओवर के पास हुई।

हादसे के तुरंत बाद, उपायुक्त निशांत कुमार यादव और गुडग़ांव पुलिस आयुक्त मौके पर पहुंचे।

अग्निशमन विभाग के उप निदेशक गुलशन कालरा ने आईएएनएस को बताया, हमें सूचना मिली कि पंजीकरण संख्या एआर 01 के 7707 वाली एक स्लीपर बस में आग लग गई। सेक्टर-29 फायर स्टेशन से तीन दमकल गाडिय़ों को घटनास्थल पर भेजा गया।

अधिकारियों ने बताया कि सात घायल लोगों का इलाज गुरुग्राम के सिविल अस्पताल में किया जा रहा है, जबकि पांच अन्य का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सभी घायल 30 से 50 प्रतिशत तक जल गए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हम मामले की जांच कर रहे हैं। अगर जांच के दौरान कोई लापरवाही पाई गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

असम में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

गुवाहाटी (आरएनएस)। असम के गोलाघाट जिले में एक भीषण सडक़ दुर्घटना में दो युवकों की जान चली गई। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हादसा बुधवार देर रात गोलाघाट जिले के फुर्केटिंग इलाके में हुआ। मृतकों की पहचान बिजित भुइयां और मार्टिनेज केरकेटा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वे एक अलग रास्ते से जा रहे थे, तभी तेज गति के कारण वाहन सडक़ से उतर गया और एक पेड़ से टकरा गया। भुइयां और केरकेटा को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, स्थानीय लोग उन्हें पास के अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मेट्रो के नए रूट के लिए जल्द तैयार होगी संशोधित डीपीआर, 11.5 किमी लंबे कॉरिडोर पर होंगे आठ स्टेशन

नोएडा । आरएनएस

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की सेक्टर 142 से बोटैनिकल गार्डन के प्रस्तावित नए रूट की संशोधित डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट दिवाली के बाद तैयार हो जाएगी। डीएमआरसी की ओर से डीपीआर तैयार कराई जा रही है। इसके बाद रिपोर्ट को बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

डीपीआर की बाबत काफी मंथन किया गया है। इसके शुरुआती चरण में तीन विकल्पों पर चर्चा हुई है। इसके बाद एक रूट फाइनल हुआ जो एक्सप्रेस-वे के समानांतर बोटैनिकल गार्डन से जुड़ेगा। इसमें एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड से होते हुए नया कॉरिडोर जाएगा। यह सेक्टर 96 के पास से अलग होते हुए बोटैनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से जुड़ेगा।

योजना के मुताबिक एक्सप्रेस-वे पर एफओबी के माध्यम से भी कॉरिडोर को जोड़ा जाएगा। ताकि एक्सप्रेस वे की दूसरी ओर से भी लोग इसका लाभ ले सकें।

दिल्ली मेट्रो की ओर से बनाए जा रहे डीपीआर में स्टेशन के आसपास पार्किंग के विकल्प को ध्यान में रखने को कहा गया है। लिहाजा स्टेशनों पर पार्किंग की योजना है। इसके लिए एक बार पहले भी फिजिकल सर्वे कराया गया है। सर्वे के मुताबिक कोशिश है कि स्टेशन के अलावा नजदीकी प्लॉटो पर पार्किंग की व्यवस्था हो।

सुप्रीमकोर्ट का सभी उच्च न्यायालयों को एमपी/एमएलए के खिलाफ मामलों की निगरानी के लिए स्वत: संज्ञान लेने का आदेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटान की निगरानी के लिए स्वत: संज्ञान लेते हुये मामले दर्ज करने का निर्देश दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों के त्वरित निपटान के लिए एक समान दिशानिर्देश जारी करना मुश्किल होगा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रत्येक उच्च न्यायालय में गठित होने वाली विशेष पीठ राजनीति के अपराधीकरण पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर निर्देश जारी करेगी। इस काम में वह महाधिवक्ता और राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों की सहायता ले सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट अपने अधिकार क्षेत्र के तहत सभी जिला और सत्र न्यायालयों से इस मुद्दे पर स्थिति रिपोर्ट भी मांग सकते हैं।

शीर्ष अदालत ने 11 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए स्पष्ट किया था कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 की वैधता से संबंधित मुद्दे की अलग से जांच की जाएगी, जो चुनाव लडऩे से अयोग्यता की अवधि को छह साल तक सीमित करती है।

भारतीय जाली मुद्रा की छपाई व तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार : 49,600 रुपए की भारतीय जाली मुद्रा बरामद

लखनऊ (आरएनएस)। एसटीएफ यूपी को भारतीय जाली मुद्रा की छपाई व तस्करी करने वाले संगठित गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अनुराग सिंह पुत्र एलोनागेट सिंह निवासी ग्राम रौला पोस्ट सहजौरा थाना खेडरो, आयुष बाजपेयी पुत्र अनमोल बाजपेयी निवासी ग्राम व पोस्ट औराँवा थाना बंथरा है।

एसटीएफ को विगत काफी दिनों से संगठित तौर पर भारतीय जाली मुद्रा की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्यों के सम्बन्ध में सूचनायें प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों व टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। जिसके अनुक्रम में धर्मेश कुमार शाही, पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ के पर्यवेक्षण मे अभिसूचना संकलन की कार्रवाई की जा रही थी। इस दौरान दौरान नि. राघवेंद्र सिंह, उ.नि. प्रदीप सिंह मुख्य आरक्षी नीरज पाण्डेय, मु.आ. रामनिवास शुक्ला आरक्षी अमित त्रिपाठी, आरक्षी अमर श्रीवास्तव चालक जैल यादव की एक टीम को सूचना प्राप्त हुई कि शातिर भारतीय जाली मुद्रा का तस्कर अनुराग सिंह निवासी रायबरेली आज अपने गिरोह के सदस्यों के साथ बड़ी मात्रा में जाली नोट लेकर स्कूटर इंडिया चौराहे के पास किसी को जाली नोट की सप्लाई देने आने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर अनुराग सिंह एवं आयुष बाजपेयी को आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया, जिनके कब्जे से उपरोक्त बरामदगी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछने पर बताया की हम लोगों का एक गिरोह है, जो नकली नोट की छपाई एवं बाजार में सप्लाई करता है। इस गिरोह का सरगना राम कृपाल पुत्र अहोरवा प्रसाद निवासी पडरई मकदूमपुर फुरसतगंज अिमेठी है। जिसके मकान में यह नोट तैयार किया जाता है।

राम कृपाल के कहने पर ही यह लोग किसी व्यक्ति को देने के लिए आये थे यह काम इनके द्वारा काफी समय से किया जा रहा है। नकली नोट तस्करी करने के सम्बन्ध में अनुराग एवं राम कृपाल के विरूद्ध वर्ष 2019 में मुकदमा रायबरेली में पंजीकृत हुआ था, जिसमें यह लोग जेल भेजे गये थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना सरोजनी नगर में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।